(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

नागरिक पूर्ति, उपभोक्ता मामले और सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री (श्री कमालुद्दीन अहमद) : (क) सुपर बाजार ने सूचित किया है कि उन्हें अप्रैल, 91 से 31 दिसम्बर, 1993 की अवधि के दौरान उपभोक्ता वस्तुओं के बारे में 578 शिकायतें प्राप्त हुई हैं । केन्द्रीय भंडार ने सूचित किया है कि उन्हें इस अवधि के दौरान सुपर बाजार की तुलना में ऊंचे मूल्य अथवा घटिया किस्म के बारे में ग्राहकों से कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है ।

(ख) और (ग) सुपर बाजार तथा केन्द्रीय भंडार द्वारा बेची जाने वाली विभिन्न उपभोक्ता वस्तुओं के बिक्री मूल्यों में प्रायः दोनों और अंतर देखा गया है । सुपर बाजार तथा केन्द्रीय भंडार दो अलग-अलग सहकारी संगठन हैं, जिनके अधिप्राप्ति के स्रोत, अधिप्राप्ति के समय तथा लाभ के मार्जिन और अन्य लागतें अलग-अलग हैं । तथापि, दोनों संगठनों के खुदरा मूल्य अधिकतम खुदरा मूल्य से नीचे नियत किए जाते है ।

(घ) और (ङ) सुपर बाजार को आवश्यक वस्तुओं के खुदरा मूल्यों की बारीकी से मानीटरिंग करने की सलाह दी गई है ।

दिल्ली में राशन की वस्तुओं के वितरण के लिए नई योजना

4249. मौलाना ओबैदुल्ला खान आजमी : क्या नागरिक आपूर्ति, उपभोक्ता मामले और सार्वजनिक वितरण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली में राशन की वस्तुओं के वितरण और उनकी उपलब्धता के संबंध में एक नई योजना तैयार की जा रही है या किए जाने का विचार है;

(ख) यदि हां, तो इसकी मुख्य विशेषताएं क्या हैं;

(ग) यह नई योजना वर्तमान योजना में किन-किन मामलों में अलग होगी;

(घ) इस योजना से किस प्रकार का सुधार सुनिश्चित किया जायेगा ?

(ङ) क्या इस संबंध में जनमत सहित सभी पहलुओं पर विचार किया गया है ; और

(च) यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है ?

नागरिक पूर्ति, उपभोक्ता मामले और सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री (श्री कमालुद्दीन अहमद) : (क) और (ख) राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली की सरकार ने सूचित किया है कि सरकार भारतीय खाद्य निगम से चीनी के वितरण का कार्य लेकर लेवी चीनी के वितरण का कार्य तीन नामित अभिकरणों, अर्थात् दिल्ली राज्य नागरिक आपूर्ति निगम, राष्ट्रीय उपभोक्ता सहकारी संघ और दिल्ली उपभोक्ता सहकारी थोक भंडार को 50:30:20 के अनुपात में सौंपने के प्रस्ताव पर विचार कर रही है । ये अभिकरण लेवी चीनी सीधे मिलों से उठाएंगे और उसे उचित दर की दुकानों में वितरित करने की व्यवस्था करेंगे ।

(ग) और (घ) इस समय दिल्ली राज्य नागरिक आपूर्ति निगम, संघ राज्य क्षेत्र में भारतीय खाद्य निगम के विभिन्न गोदामों से चीनी उठाता है और दिल्ली के विभिन्न भागों में स्थित उचित दर की दुकानों को उसकी आपूर्ति की व्यवस्था करता है । राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली की सरकार को उम्मीद है कि प्रस्तावित परिवर्तन से उचित दर की दुकानों को अच्छी किस्म की चीनी की समय से आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी ।

(ङ) और (च) राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली की सरकार ने सूचित किया है कि प्रस्ताव के ब्यौरे को सभी संबंधितों के परामर्श से तैयार किया जा रहा है ।

Research Studies on PDS

4250. SHRI RAMACHANDRAN PILLAI: Will the Minister of CIVIL SUPPLIES, CONSUMER AFFAIRS AND PUBLIC DISTRIBUTION be pleased to state :

(a) whether any Research Studies have been conducted by Government on various aspects of Public Distribution System which have been printed and made available to the general public; and

(b) what are the major findings of the Research Studies *on* the effectiveness of Public Distribution System' in Kerala ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF CIVIL SUPPLIES, CONSUMER AFFAIRS AND PUBLIC DISTRIBUTION (SHRI KAMALUD-DIN AHMED) : (a) The Programme Evaluation Organisation (PEO) of the Planning Commission published an "Evaluation Report of the Essential Supplies Programme" in February, 1985. The National Sample Survey Organisation conducted a study on the "Utilisation of Public Distribution System" in the forty second round of the National Sample Survey during July, 1986 to June, 1987. These reports have been published.